प्रेस नोट दिनांक 24.01.2025
थाना सीबीगंज बरेली ।

थाना सीबीगंज #bareillypolice द्वारा हत्या के वांछित बाल अपचारी गण को निगरानी पुलिस लिया गया।

संक्षिप्त विवरणः- वादी श्री रमेश कुमार पुत्र स्व0 श्री इन्द्रजीत सिह नि0 ग्राम परधोली थाना सीबी गंज जनपद बरेली की तहरीर के आधार पर दिनांक 24.01.2025 को थाना हाजा पर मु0अ0सं0 31/25 धारा 103(1)/238(B) BNS पंजीकृत कराया था।

थाना सीबीगंज पुलिस द्वारा दिनांक 24.01.2025 को अभियोग से सम्बन्धित 02 बाल अपचारियों को ग्राम परधोली से पुलिस संरक्षता मे लिया गया तथा बाल अपचारीगण की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 स्पलेंडर नं0 UP25 AJ 6574 तथा मृतक का मोबाइल वीवो कम्पनी, चप्पल तथा आला कत्ल एक बैल्ट बरामद किये गये। बाल अपचारीगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण- दोनो ने सयुंक्त रूप से बताया कि बाल अपचारी की माँ जिसका नाम लता है। अपचारी के पिता स्व0 ब्रजरतन की मृत्यु हो चुकी है, बाल अपचारी की माँ लता ने दूसरी शादी भेषराज पुत्र ओमप्रकाश नि0 ग्राम परधौली थाना सीबीगंज से कर ली थी, बाल अपचारी अपनी माँ लता व सौतेले पिता भेषराज के साथ ग्राम परधौली मे रहता है तथा भेषराज को ही पिता मानता है। बाल अपचारी की माँ लता के प्रेम संबंध ग्राम परधौली के लोकेश बाबू पुत्र इन्द्रजीत से हो गये थे, दो तीन बार लता लोकेश बाबू के साथ भाग गई थी, 4, 5 दिन पहले भी लोकेश बाबू के साथ चली गई गाँव में बाल अपचारी के पिता भेषराज की बदनामी हो रही थी, दो तीन बार पहले लोकेश बाबू को समझा चुका था, लेकिन वह अपनी आदत से बाज नही आ रहा था तथा बाल अपचारी के सोतेले पिता भी इन अवैध सम्बन्धो से काफी क्षुब्ध थे ,जो कई बार आत्महत्या करने की धमकी दे चुके थे, उसके बाद भी बाल अपचारी की मां और लोकेश बाबू अपनी आदत से बाज नही आये। तब दिनांक 21/01/2025 को बाल अपचारी व इसके मामा का लड़का जो ग्राम परधोली में घर पर आया हुआ था, उसी दिन दोनों बाल अपचारियों ने साथ मिलकर लोकेश बाबू की हत्या करने की ठान ली थी, लोकेश प्रतिदिन शाम को शराब पीता है। दिनांक 21/01/2025 को दोनो बाल अपचारी भेषराज की मो0सा0 हीरो होन्डा स्पलेन्डर नं0 UP25 AJ 6574 को लेकर शाम करीब 06.30 बजे लोकेश बाबू की तलाश मे निकले। गाँव के शराब के ठेके पर देखा तो उस समय वह नही मिला। गाँव के बराबर हाईवे व दोनो ओर देखा तो शाम 07.45 बजे करीब लोकेश हाईवे पर शराब के नशे मे गाँव की ओर आता दिखाई दिया तो उन्होने उसे हाईवे पर रोक लिया। बाल अपचारिंयो ने दो तीन रहपट भी मारे और अपनी माँ के बारे में पूछा तो उसने कहा महेशपुर में है इस पर उन्होनें मृतक को मो0सा0 पर बैठाया, बाल अपचारियों नें कहा मुझे मेरी माँ से मिलवा दो लोकेश शराब के नशे में मो0सा0 पर बैठ गया, दोनों बाल अपचारी मो0सा0 से इमरान के खोके के पीछे खेतों मे जाने वाले रास्ते पर इसे ले गये। जाते ही इन्होंने लोकेश के एक बैल्ट मारी और उसे नीचे गिरा कर पट्ट डाल दिया, दोनों ने नीचे जमीन पर गिराकर दबाकर तथा अपनी बैल्ट उतार कर लोकेश की गर्दन में नीचे से कसकर ऊपर से उसकी गर्दन बैल्ट से कस दी, 10 मिनट तक इसकी गर्दन बैल्ट से दबाये रखी, जब वह मर गया उसकी सांस आना बन्द हो गई तब उन्होने उसकी चप्पल तथा उसका मोबाइल फोन वीवो कम्पनी का तथा बैल्ट जिससे उसकी गर्दन दबाई थी, वहीं अरहर के खेत में फेंक दी तथा मोबाइल फोन का सिम भी चबाकर फेंक दिया फिर हम दोनों ने उसकी लाश को मो0सा0 पर बैठी अवस्था में रखकर मो0सा0 में बीच मे फंसाकर लाश वहाँ से करीब 600 मीटर की दूरी पर एक सरसों की फसल की मेढ़ पर मो0सा0 रोक कर लाश को उतार कर खींच कर सरसों की फसल में छिपा दिया था। दोनों बाल अपचारियों ने बताया कि हमें भरोसा था कि हमे किसी ने नही देखा होगा लेकिन बात खुल गई। तथा यह भी बताया कि यदि उस दिन माँ मिल जाती तो मै उस दिन माँ को भी मार देता।

बरामदगी विवरण—

1. घटना मे प्रयुक्त एक मोटर साईकिल नं0 UP5 AJ 6574 स्पलैन्डर हीरो होण्डा
2. एक बेल्ट (आला कत्ल)
3. एक मोबाइल फोन वीवो (मृतक का)
4. एक जोड़ी चप्पल (मृतक की)

पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
2. व0उ0नि0 श्री सुदेश पाल सिंह कुमार थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
3. उ0नि0 संजय कुमार सिंह थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
4. हे0का0 540 राजवीर थाना सीबीगंज जनपद बरेली।
5. का0 1147 महिपाल सिंह थाना सीबीगंज जनपद बरेली।